महुआ बीनने जंगल गई महिला पर टाईगर अटैक, मौत

दक्षिण सामान्य वन मंडल अंतर्गत कुरई क्षेत्र के बिछुआ जंगल की घटना, ग्रामीणों ने दर्ज कराया विरोध

सिवनी नवभारत। दक्षिण सामान्य वन मंडल अंतर्गत कुरई क्षेत्र के बिछुआ गांव से लगे जंगल में बाघ ने महिला का शिकार कर लिया। महिला शनिवार की सुबह गांव के अन्य लोगों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई थी। बाघ के हमले से महिला की मौत के बाद मृतक महिला के परिवार और गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों और कुरई पुलिस ने लोगों के आक्रोश को शांत किया। साथ ही पीड़ित परिवार को शासन से उचित सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

कुरई थाना प्रभारी कृपालसिंह तेकाम ने बताया है कि बिछुआ गांव निवासी ५० वर्षीय हेमलता पति राजू डहरवाल शनिवार की सुबह जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ रही थी। इसी

दौरान सुबह लगभग 8.३० बजे बाघ ने उसपर हमला कर दिया। महिला के गर्दन और शरीर के अन्य भाग में बाघ द्वारा पंजे और दांत से हमला करने के कारण मौके पर ही महिला की मौत हो गई।

घसीट कर ले गया बाघ

महिला पर हमला करने के बाद बाघ महिला के शव को लगभग १०० मीटर दूर घने जंगल में ले गया। इसी दौरान जंगल में महिला के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने गए अन्य लोगों ने शोर-शराबा किया। उनके शोर को सुनकर आसपास के अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर एकत्रित हुए ५० से अधिक लोगों ने जोर से हल्ला किया तो बाघ महिला के शव को छोड़कर कुछ दूर चला गया। इसके बाद ग्रामीण मृतक महिला के लहुलुहान शव के पास पहुंचे।

25 लाख मुआवजा देने की मांग

घटना के बाद मृतक महिला के आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से २५ लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। इस मांग को लेकर मृतक महिला के परिजन अड़ गए। वन विभाग के अधिकारियों ने किसी तरह आक्रोशित लोगों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन देकर शांत कराया। साथ ही नियमों के तहत आठ रूपये की सहायता राशि का चैक मृतक महिला के परिवारजनों को दिया।

इनका कहना है

बिछुआ के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई एक महिला पर बाघ ने हमला कर दिया। इससे महिला की मौत हो गई। प्रावधानों के तहत मृतक महिला के परिवार को आठ लाख रुपये की सहायता राशि का चैक दिया गया है। परिवार के लोग 25 लाख रूपये मुआवजा की मांग कर रहे हैं। उनकी इस मांग को शासन तक पहुंचाया जाएगा। गांव के लोगों के आक्रोश को समझाइश देकर शांत करा दिया गया है।

गौरव मिश्रा, डीएफओ
दक्षिण सामान्य वन मंडल, सिवनी

घटना के बाद बढ़ा आक्रोश

बाघ के हमले से महिला की मौत होने की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने वन विभाग और कुरई पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस पर कुछ देर में वन विभाग के अधिकारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। यहां वन अमले ने मृतक महिला के शव का पंचनामा बनाने के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर बाघ द्वारा महिला को घसीटकर जंगल की ओर ले जाने के निशान पाए गए। साथ ही बाघ के पग मार्क भी मिले।

एक नजर में

छपारा सीएम राइज के छात्रों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

छपारा। नगर के संदीपनी सी एम राइस विद्यालय का बोर्ड परीक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम में छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार कक्षा दसवीं में कुल 153 छात्र थे जिनमें से 105 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की साथ ही 39 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण की इस प्रकार कक्षा दसवीं का कुल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा,वहीं कक्षा दसवीं में अध्यनरत बेनी

शंकर चंद्रवंशी ने प्रथम प्राप्त किया जिसने 97.4 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण कर स्कूल में प्रथम आया। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में 210 छात्र अध्ययनरत थे जिनमें से 128 छात्रों ने प्रथम श्रेणी स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया, साथ ही 35 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में आए तथा दो छात्रों ने तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण की इस प्रकार कक्षा बारहवीं का कुल परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा, साथ ही कक्षा बारहवीं में गणित संकाय से सुधांशु चौकसे ने 93.2 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण की, साथ ही आरती डेहरिया ने 87.8 प्रतिशत अंक के साथ जीव विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार रोजीना खान ने 87.02 प्रतिशत अंक के साथ कृषि संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो कला संकाय में देव कुमार ने 81.02 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं वाणिज्य संकाय में प्रथम श्रेयांश सिसोदिया ने 77.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस तरह कक्षा 12 वीं के 41 छात्रों ने 75 प्रतिशत अंक से अधिक प्राप्त कर लैपटॉप की राशि की पात्रता अर्जित की। इसके अलावा कक्षा दसवीं में 6 छात्रों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा 12वीं के 4 छात्रों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किये संस्था के प्राचार्य एम.के.रहमतकर ने समस्त सफल विद्यार्थियों को बधाई दी एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कन्या विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

बरघाट। शासन के निर्देशानुसार पीएम श्री शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बरघाट में 01 से 20 मई तक समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छात्राओं के कौशल विकास हेतु विभिन्न गतिविधियां योगा, ड्राइंग, पेंटिंग, मेहंदी, ढोलक वादन, हारमोनियम वादन, नृत्य, गायन आदि आयोजित की जा रही है। आयोजित समर कैंप में इन गतिविधियों के अलावा स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं भी आयोजित की जा रही है। समर कैंप का समापन 20 मई को होगा। यह समर कैंप शाला की प्राचार्य श्रीमती सरला नरेती के नेतृत्व में आयोजित है जिसमें शाला परिवार के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं की सहभागिता रही है।

सभी वर्गो को साथ लेकर चलाया जाये अभियान

सिवनी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा अभियान से संबंधित आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देश में उत्पन्न वर्तमान परिस्थिती पर चर्चा की गयी और कहा गया कि भारत - पाकिस्तान युद्ध की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर एक अभियान चलाया चलाया जाये। इस अभियान में अनेक विषयों पर चर्चा को केन्द्रित रखते हुये आपात परिस्थितियों से निपटने के उपायों से संबंधित सुझाव एवं आवश्यक जानकारियां दी जाये। बैठक तय किया गया है कि जिले के अनेक स्थानों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, रक्तदान एवं अन्य सभी समुचित व्यवस्थाएँ की जाये। इन सभी के लिये समितियों का गठन कर जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गयी है। जिला भाजपा मीडिया विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि विभिन्न प्रकार की बनायी गयी समितियों के कार्यो की मानीटरिंग भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवार, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी एवं भाजपा के जिला महामंत्री अजय डागोरिया करेंगे। बैठक में तय किया गया कि रक्तदान कार्यक्रम संबंधी जिम्मेदारी भाजपा के जिला मंत्री पीयुष दुबे, युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष युवराज रांहगडाले, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशीष माना ठाकुर, एवं समस्त भाजपा मंडल अध्यक्ष संभालेंगे।

वाहन सहित साउण्ड सिस्टम जप्त

कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

सिवनी नवभारत। 09 मई की रात्रि में नागपुर रोड रेल्वे क्रासिंग के आगे साँई मंदिर के सामने मेन रोड पर बहुत तेज आवाज से डी.जे. साउण्ड में गाने बजाये जा रहे हैं जिसकी तेज आवाज से आसपास के रहने वाले निवासियों को परेशानी हो रही है सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर मौके पर पहुँचकर सूचना की तस्दीक की गई जो सूचना सही पायी गई।

मौके पर कन्हैया डी.जे. के संचालक द्वारा काफी तेज साउण्ड में गानें बजाये जा रहे थे जो डी.जे. संचालक कन्हैया वर्मा पिता अवध लाल वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी पुराना कुंडीपुरा थाना के सामने थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाड़ा से डी.जे. बजाने की अनुमति के संबंध में पूछने पर कोई अनुमति नहीं होना बताया एवं कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया। जो डी.जे. संचालक कन्हैया वर्मा का कृत्य अपराध धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल अधिनियम का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द किया गया हैं।

जन अभियान परिषद ने प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी की सफाई और जल संरक्षण की दिलाई शपथ

सिवनी नवभारत। जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत अभियान परिषद द्वारा मेंटर्स, सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों, प्रस्फुटन समिति सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जन समुदाय की सहभागिता से जल संरक्षण के लिए प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी एवं अन्य जल संरचनाओं में निरन्तर स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चाँवडी में जल संरक्षण अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की गईं।

जन अभियान परिषद द्वारा शुक्रवार को सुबह लखनवाड़ा में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी में साफ सफाई की गई। इस अभियान में परिषद के विकासखण्ड समन्वयक एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई।

स्थानीय जनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा बावड़ी से प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं कचरा निकाला गया। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला,

विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया, कविता बेले,धीरेन्द्र चौरसिया, पीयूष दुबे,राहुल पाण्डे, छात्र अर्चना सोनी,सोनिया ठाकुर, रेखा डहेरिया,शुमन उइके,अर्चना सोनी, रानू साहू, देव संस्कृति फाउंडेशन के अशोक शिववेदी, सहित सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे।

विकासखंड सिवनी में जन समुदाय को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति जागरूक करने एवं अभियान के प्रचार प्रसार हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लखनवाड़ा द्वारा जल चौपाल एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

ग्रीष्मकालीन खेलकूद : शतरंज का प्रशिक्षण ले रहे बच्चे

सिवनी नवभारत। ग्रीष्म कालीन खेलकूद शतरंज प्रशिक्षण शिविर जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन खेलकूद शतरंज प्रशिक्षण शिविर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में चल रहा है।

ज्ञात हो की इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विगत दिवस हॉकी स्टेडियम में विधायक दिनेश राय द्वारा किया गया है। विधायक ने शतरंज खेल में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अपनी ओर से टी शर्ट प्रदान करने हेतु घोषणा की है। खेल विभाग द्वारा प्रशिक्षण शिविर में प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रत्यक्ष किए जाएंगे। ग्रीष्मकालीन शिविर में लगाए गए प्राय सभी खेल में ताकत एवं अत्यधिक जोर लगाने वाले खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, किंतु शतरंज दुनिया का दिमाग पर जोर लगाकर खेला जाने वाला खेल है।यह खेल 1500 वर्ष पुराना है। अत: समस्त छात्र छात्राओं से अनुरोध है ग्रीष्मकालीन की छुट्टियों का समुचित लाभ उठाएं और शतरंज सिखाने हेतु शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में उपस्थित हो।

प्रशिक्षण शिविर की अवधि

शतरंज का प्रशिक्षण दिनांक 6 मई से 6 जून 2025 तक आयोजित हो रहा है, इस प्रशिक्षण शिविर में शतरंज खेलने वाले एवं शतरंज खेल को सिखाने वाले छात्र एवं छात्राएं प्रशिक्षण ले सकते हैं। इस शतरंज प्रशिक्षण शिविर को शतरंज खेल में पारंगत प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शतरंज खेल से प्रशिक्षकों को फायदे

शतरंज खेल से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास, सोचने विचारने की शक्ति, कल्पना शक्ति, निरीक्षण शक्ति, स्मरण शक्ति, एकाग्रता, संवेदना आदि गुणों का विकास होता है। यह खेल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में आयोजित सभी खेलों से अलग खेल है।

मां बालाभवानी आश्रम प्रभारी राघवानंद को मिली दंड सन्यास की दीक्षा

गणेशगंज नवभारत। वैशाख शुक्ल द्वादशी को द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज ने कृपा पूर्वक दो नेष्ठिक ब्रह्मचारी श्रीं राघवानंद एवं श्री दामोदरानंद को दंड सन्यास की दीक्षा दी एवं क्रमश: उन्हें श्री राघवानंद तीर्थ एवं दामोदरानंद आश्रम के योगपट्ट से अलंकृत किया। साथ ही तीन नए ब्रह्मचारी कृष्णस्वरूप सागरस्वरूप एवं ब्रह्मस्वरूप को ब्रह्मचारी दीक्षा प्रदान की एवं अनिल रुद्रानंद को साधु वृति प्रदान की गई।

मिल रहे बधाई संदेश

नागपुर जबलपुर नैशनल हाइवे पर स्थित मां बालाभवानी मंदिर (आश्रम) गणेशगंज में विगत वर्षों से निरंतर प्रभारी श्री राघवानंद जी को स्वामी श्री के द्वारा दंड सन्यास की दीक्षा मिलने तथा श्री राघवानंद तीर्थ आश्रम के योगपट्ट से अलंकृत किए जाने पर गणेशगंज सहित आसपास क्षैत्रवासियों में हर्ष व्याप्त हैं।

धूमा थाने में किया गया जन संवाद बैठक का आयोजन

धूमा नवभारत। आज ग्राम गरघटिया थाना धूमा में पुलिस विभाग, वन विभाग और राजस्व विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से ग्रामीणों के साथ मीटिंग आयोजित कर आगामी बकरीद त्यौहार के मद्देनज़र गौ वंश तस्करी, गौ हत्या जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही उनके द्वारा सुचना ना देने पर शासन की ओर से उन्हें 10,000/- (दस हजार) रूपये नगद इनाम देने और नाम गोपनीय रखे जाने की जानकारी भी दी गई। बैठक मे अपूर्व भलावी एसडीओपी लखनादौन, ललित ग्वालवंशी नायब तहसीलदार धूमा, सागर श्रीवास्तव वन परिक्षेत्र अधिकारी कहानी, भुवनपाल सिह बघेल

पटवारी, आकाश डिटोरिया पटवारी, जगमोहन शिवहरे परिक्षेत्र सहा) कहानी, वीर सिह परस्ते बीट गार्ड ककरतला, ग्राम सरपंच, सचिव एवं अन्य ग्राम प्रतिनिधी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकजन एवं थाना धूमा पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। जो कार्यक्रम / बैठक उपरांत सभी को हिदायत देकर रूकरत किया गया। जिसमे क्षेत्र के विभिन्न नागरिको ने भाग लिया जिनकी समस्या एवं सुझाव को सुना गया एवं पुलिस कार्यवाही एवं नागरिको के अधिकार, दायित्व एवं अपराध के सबंध मे आवश्यक जानकारीयो से अवगत कराया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का समापन किया जाकर कार्यक्रम की सूचना वरिष्ठ कार्यालयो को नोट कराई गई है। इस दौरान थाना प्रभारी उपनिरी0 शत्रुघन पटले, सउनि रविन्द्र प्रताप सिह राजपूत, सउनि जयराम ठाकुर, प्र.आर. दिलराज मारपे, आर. अरूण पटेल, आर. भैय्यन अंसारी एवं सै. शीलचंद का सराहनी योगदान रहा।

नि :शुल्क प्रवेश के लिए आवेदन सत्यापन कर्ताओं का हुआ प्रशिक्षण

सिवनी नवभारत। नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का प्रारंभ हो गया है ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदनों का जन शिक्षा केंद्र स्तर पर सत्यापन करने वाले सत्यापन कर्ता अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

अरुण राय, बीआरसी सी सिवनी द्वारा जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी में आयोजित प्रशिक्षण में - राज्यशिक्षा केंद्र से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार- वंचित एवं कमजोर समूह की पात्रता,

आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन तत्पश्चात आनलाइन सत्यापन करने, पात्र अपात्र आदि बिंदुओं की जानकारी पीपीटी एवं टीव्ही के माध्यम से दी गयी।

अरुण राय ने बताया कि सभी उपस्थित प्राचार्य, जनशिक्षक एवं शिक्षको को कहा कि सभी जनशिक्षाकेंद मुख्यालय मे नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया की समयसारिणी को चस्पा करेगे एवं प्रचार प्रसार भी करेगे। दी गयी समय सारिणी अनुसार आवेदक दि.07मई से 21 मई तक आवेदन कर सकेगै दिनांक 07 से 23 मई तक आवेदन का जनशिक्षाकेंद मुख्यालय मे सत्यापन होगा दिनांक 29 मई को लाटरी से स्कूल आवंटित होगे जिसकी सूचना आवेदको को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नं. पर प्राप्त होगी तत्पश्चात 02 से 10 जून तक आवंटित स्कूल मे मूल दस्तावेजों एवं मोबाइल के साथ उपस्थित होकर प्रवेश ले सकेगे। अरुण राय ने ऐसे सभी पात्र आवेदको से कहते हुए आगे बताया कि आवेदन के बाद, कंप्यूटर जनरेटेड पावती ऐवं सत्यापन प्रपत्र लेकर जनशिक्षाकेंद मे जाकर मूल दस्तावेजों से मिलान कराते हुए, सत्यापन अनिवार्य रुप से कराया जावे, अन्यथा सत्यापन न होने पर, पात्र अपात्र एवं लाटरी मे शामिल नहीं होगा। इसी तरह लाटरी से स्कूल आवंटन मिलने पर संबंधित स्कूल मे निर्धारित तिथि मे उपस्थित होकर आनलाइन प्रवेश कराना अनिवार्य है।

निर्धारित तिथि में प्रवेश नही कराने पर आवंटन/प्रवेश स्वत: रद्द हो जाएगा।

न्यायालय श्रीमान अमरीश भारद्वाज
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड सिवनी (म.प्र.)

समंस प्रकाशन

व्यवहार वाद क्रमांक 1600121/2016
कौशल प्रसाद तिवारी.....वादी
विरूद्ध Vs
संतकुमार तिवारी बगैरा.....प्रतिवादीगण
मैं
3ब. राजेश तिवारी स्व. धन्नालाल तिवारी उम्र लगभग 59 वर्ष, निवासीजी.-5 शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के म्पस गोकलपुर रांझी तहसील व जिला जबलपुर(म.प्र.)

वादीगणों ने प्रतिवादीगणों के विरूद्ध व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जिसका व्यवहार वाद क्रमांक-1600121/2016 पक्षकार कौशल प्रसाद तिवारी- विरूद्ध- संतकुमार बगैरा प्रस्तुत किया है जिसमें प्रतिवादी क्रमांक-3 धन्नालाल के वारसार 3ब. राजेश तिवारी को इस समंस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, आप नियत सुनवाई दिनांक 13/05/2025 को दिन के 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से अपने पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होवे अन्यथा आप की अनुपस्थिति की दशा में आप प्रतिवादी क्रमाक-3ब के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में आगामी कार्यदिवस पर वाद की सुनवाई की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 10/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की पद मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

स्थान- सिवनी
दिनांक- 10/05/2025
अमरीश भारद्वाज
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सिवनी जिला-सिवनी(म.प्र.)
न्यायालय सील एवं मुद्रा

खेल प्रतिभा | खेल मैदान और खिलाड़ी से बच्चों को जोड़ने की अभिभावक की है पूर्णता जवाबदारी -संजय शर्मा

खेल ही अपने बच्चों को जीवन में हार या जीत का अनुभव दिलाता है

सिवनी नवभारत। आज के इस मशीनी युग में समय के साथ भागने की प्रतिस्पर्धा में हमारे दैनिक जीवन में काफी प्रभाव छोड़ा है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमारे बच्चों के रूप में सामने आ रहा है जो घर से बाहर जाकर खेलने में शर्म महसूस करते हैं मनोरंजन या खेल के माध्यम को अनोखा समझते हैं प्राचीनतम खेलों से दूर मशीनी खेल मोबाइल गेम कार्टून को ही अपनी बचपन की नैतिक मनोरंजन मान बैठे हैं वैश्विक महामारी कोरोना के दुष्प्रभाव बच्चों के मानसिक पटल पर आने वाले समय में हम महसूस कर सकते हैं समय है हमें उन्हें यह बताने का खेल एवं खेल मैदानों में मअपना समय बिताने से आने वाले

जीवन में होने वाली चुनौतियों का सामना हार का डर और जीत का अनुभव किस तरीके से हमें खेल में प्राप्त होता है निर्णय लेने की क्षमता शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास होता है।

हम अपने बच्चों को 15 या 18 वर्ष तक उच्च शिक्षा तकनीकी उद्योगों की बेहतर ढंग से देते हैं उनकी शिक्षा में काफी पैसा खर्च करते हैं लेकिन क्या हम पूरी तरह अपने आपको विश्वास दिला पाते हैं कि वह यह सब करकर अच्छी नौकरी पा लेगा तो हम खेल से ही क्यों उम्मीद करते हैं कि खेल में कुछ प्राप्त नहीं होगा खेलने से और खेल का अनुभव अमूल्य है जब हम पुराने खिलाड़ियों से बात करते हैं जो 70 वर्ष के हो चुके हैं उन्होंने खेल जीवन में अपना 4 या 5 या उससे अधिक वर्ष अपने खेल जीवन में दिए हैं उन्हें हारने का डर जीतने की खुशी कठिन परिस्थितियों को आसानी से निकलना निर्णय लेने की क्षमता स्वस्थ शारीरिक व्यायाम का अनुभव होता है खेल ही जीवन में एक ऐसा माध्यम है जो कि जीवन में कभी भी अविस्मरणीय नहीं हो सकता जब भी हम पुरानी याद कर ते हैं वह पल तुरंत याद आता है खेल का मैदान पुराने खिलाड़ी खेलने का तरीका नाम शोहरत आत्मिक खुशी जीवन की सभी घटनाएं कुछ समय पश्चात धूमिल हो जाती हैं लेकिन खेल और बचपन में खेल में बिताया हुआ समय ताउम्र यादों में ताजा बना रहता है और हमें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों को रूचि के अनुसार उन्हें खेल एवं खेल के मैदान के लिए प्रेरित करें मुझे पूर्ण विश्वास है कि बच्चों के खेल में जिला स्तर किया राज्य स्तर तक भी पहुंचता है तो काफी है जरूरी नहीं है कि वह राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ही बने लेकिन अल्प समय में ही भी खेला हुआ खेल जीवन में काफी महत्वपूर्ण साबित होगा अपनी उम्र में 5 या 8 वर्ष के जीवन काल में खेल से जोड़ता है उसकी सुनहरे भविष्य में सहायक सिद्ध होगा ऐसा मेरा मानना है।

कार में 36 पेटी शराब छोडकर भागा आरोपी

सिवनी नवभारत। बीते दिवस थाना डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा एक सफेद रंग की अर्टिगा कार कार में अवैध परिवहन करते हुए 36 पेटी देशी शराब सफेद एवं लाल मसाला कुल 1396 पाव (323.28 लीटर) अवैध शराब जप्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की गई थी मौके से आरोपी कार एवं शराब को छोडकर भाग गया था जिसके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी जो विवेचना के दौरान आरोपी जयकृष्ण उर्फ भोला रूनिझा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अवैध शराब परिवहन करना स्वीकार किये जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी हैं। पूछताछ पर जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी के विरूध्द थाना आदेगांव में आबकारी एक्ट के 03 प्रकरण एवं थाना छपारा में आबकारी एक्ट का 01 प्रकरण पंजीबध्द है। घटना दिनांक को आरोपी वाहन मालिक भूपेन्द्र डेहरिया एवं शराब ठेकेदार कामता जयसवाल के साथ मिलकर शराब तस्करी करवा रहा था।

इस कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि देवेन्द्र जयसवाल (सायबर सेल), प्र.आर. सुंदरश्याम की सराहनीय भूमिका रही।